गीत-संगीत

सुर वादिनि म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# कितनी हसरत है हमें तुमसे दिल लगाने की...






**नवभारत, जबलपुर ।** सुर वादिनि म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में दत्त मंदिर के अनुसुइया हाल में मंगलवार को गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत बेहद ही खूबसूरत गीत कहना ही क्या से कि गई ।जिसे आयशा ने अपने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया कर दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी। इसके बाद बिखरा के जुल्फें चमन में ना जाना गीत को अनिल बाजपेयी एवं प्रीति मिश्रा ने बेहतरीन अंदाज़ में गाकर खूब तालियां बटोरीं।

वही कृष्णा द्वारा प्रस्तुत आईना वही रहता है गीत को भी दर्शकों ने काफी सराहा। जिसके बाद आ भी जा गीत को राजेश कोष्टा एवं आयशा की जुगलबंदी ने शानदार तरीके से प्रस्तुत किया। इसके अलावा कितनी हसरत है हमें गीत को रितेश चंदेलिया एवं श्वेता ने बेहद भावपूर्ण अंदाज़ में प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों की प्रस्तुति को दर्शकों ने भरपूर सराहना की और पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम का समापन उत्साह के साथ हुआ।

## इनका कहना है



मैने कार्यक्रम में दो गीत गाए। दोनों ही गीतों को श्रोताओं ने खूब पसंद किया। मुझे पुराने गानों से प्रेम है।

**राजेश कोष्टा**



सुर वादिनि म्यूजिकल ग्रुप के सभी कार्यक्रम शानदार होते है। मुझे आशा जी, लता जी के गाने बहुत पसंद है। कोशिश करती हुं कि उनके जैसा गाना गा सकूं।

**आयशा अहिरवार**



# श्रीहरि नारायण के नाम से संतापों का होता है नाश : नरसिंह देवाचार्य

नरसिंह मंदिर में त्रिदिवसीय प्राकट्य महोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** श्रीहरि नारायण के नाम स्मरण मात्र से समस्त संतापों का नाश हो जाता है। भगवान नरसिंह का सहस्त्रनामो से आराधन अर्चन करने से भौतिक दैविक दैहिक दु:ख का नाश हो जाता है और सुख समृद्धि और भक्त के जीवन में खुशहाली आती है। आत्म और भौतिक भाव की भगवान को सर्वस्व समर्पण की अभिव्यक्ति आराधना ,पूजन,अर्चन, आरती है ।नरसिंह मंदिर में भगवान नरसिंह प्राकट्य महोत्सव पर सहस्त्र अर्चन अभिषेक आरती में श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ने द्वितीय दिवस में कहे।

भगवान श्री नरसिंह के प्राकट्य महोत्सवश्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय अभिषेक पूजन सहस्त्रार्चन तर्पण हवन का आयोजन प्रात: 10-12 सायं काल 4 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय दिवस पूजन अर्चन सहस्त्रनाम स्तोत्र पाठ तर्पण हवन में श्याम साहनी, मुन्ना पांडे, डा पुष्पराज पटेल, रामचरण दास, रामजी पुजारी, लालमणि मिश्रा एस बी मिश्रा, रेखा संतोष खम्परिया. पद्मा संजय तिवारी, विष्णु पटेल, विध्येश भापकर, इंदुलता, राजेंद्र प्यासी, लोकराम कोरी राजेंद्र यादव, संदीप मिश्रा ,जीवन कपिल, आचार्य रामफल शास्त्री, प्रियांशु शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही।

एक नजर में

## प्रदेश सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव 15 को

**नवभारत, जबलपुर।** हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश की जबलपुर इकाई का वार्षिक महोत्सव एवं लेखिका सम्मेलन 15 मई 2026 को कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में शाम 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। एकांश की नगर अध्यक्ष डॉ. कामना कौस्तुभ ने बताया कि समारोह में वर्षभर की गतिविधियों पर आधारित पत्रिका वामा शिल्प का विमोचन भी इसी दिन किया जाएगा। विशेष रूप से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य, सम्मान एवं विमोचन जैसे अनेक आकर्षक आयोजन शामिल हैं। साथ ही आकाशवाणी के सितारे समूह द्वारा गीतों की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम सलाहकार अर्चना मलैया एवं कोषाध्यक्ष सीमा बादल स्वामी ने बताया कि समारोह में डॉ. कामना कौस्तुभ की लघुकथा कृति 'जीवन का कैनवास' का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही विशेष अलंकरण के रूप में भोपाल की वरिष्ठ साहित्यकार इंजी.अर्चना नायडू को प्रार्थना अर्गल स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य महिला साहित्यकारों को भी उनके साहित्यिक अवदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। हिंदी लेखिका संघ ने सभी साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## दिल ढूंढता है एक अनूठी संगीत यात्रा का आयोजन 2 को

**नवभारत, जबलपुर।** निनाद ग्रुप एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा एक विशेष संगीतमय प्रस्तुति 'दिल ढूंढता है' का आयोजन शनिवार 2 मई 2026 को सायं 7 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना एवं संयोजन सुप्रसिद्ध तबला वादक लोकेश मालवीय एवं श्रीमती नीलम मालवीय द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें पुराने सदाबहार गीतों को नवीन प्रयोगों और आधुनिक प्रस्तुति शैली के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे दर्शकों को संगीत का एक ताज़ा और अनूठा अनुभव प्राप्त होगा। निनाद ग्रुप के सभी कलाकारों एवं आयोजकों ने शहर के गणमान्य नागरिकों, संगीत प्रेमियों एवं कला-रसिकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## क्रश हुए दोनों पैर, फिर भी चलने लगी जिंदगी

**नवभारत, जबलपुर।** उखरी चौक स्थित गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 41 वर्षीय रचना यादव को नया जीवन दिया। रीवा निवासी रचना सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिसमें उनके दोनों पैर बुरी तरह क्रश हो गए थे और हाथ की ह्यूमरस हड्डी भी टूट गई थी। अन्य स्थानों पर पैर काटने की सलाह मिलने के बाद परिजन गैलेक्सी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने धैर्य के साथ चरणबद्ध इलाज शुरू किया। पहले हड्डियों को जोड़ा गया, फिर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। साथ ही हाथ का ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किया गया। डॉ. चतुर्वेदी, डॉ. यादव और डॉ. पटेल सहित पूरी मेडिकल टीम, नर्सिंग व ओटी स्टाफ की अथक मेहनत से 3 से 6 माह में मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गईं। अब वे अपने पैरों से चलने में सक्षम हैं। यह सर्जरी चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है।

## विश्व शांति का संदेश लेकर आज निकलेगी धम्म यात्रा


**नवभारत, जबलपुर।** बोधित्सव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में आज 30 अप्रैल को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा के अवसर पर भव्य विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 5 बजे सिविक सेंटर स्थित अंजुमन स्कूल के सामने से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, विक्टोरिया अस्पताल, ओमती, घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ. आंबेडकर चौक तक पहुंचेगी। समिति ने शहर के सभी बौद्ध विहारों से आकर्षक झांकियों, बैनरों और पंचशील ध्वजों के साथ अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साथ ही उपासक-उपासिकाओं से सफेद वस्त्र धारण कर सपरिवार धम्म यात्रा में भाग लेने का निवेदन किया गया है। समिति के अनुसार, 1 मई 2026 को वैशाख पूर्णिमा के दिन शहर के सभी बौद्ध विहारों में बुद्ध जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य यादव राव मेश्राम, जे.पी. नव्हेट, धर्मशील चाटे, दीपक मेश्राम, सिद्धार्थ उरकुडे, दीपक वानखेड़े, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चंद्रकला ढोके, रेखा बालके, सुनीता शेंडे, मीना खापर्डे, अनिता जनबंधु, देवेंद्र मडके सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## वैशाख पूर्णिमा स्नान से होते हैं रोग मुक्त : सुबुध्दानन्द

**नवभारत, जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे भव्य दिव्य पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव के क्रम में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा समापन दिवस पर पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का पपीता द्वारा सहस्त्रार्चन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के सन्निध्य में किया गया। ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान कर पूजा पाठ करने और पितरों के नाम का तर्पण व दान करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। वैशाख पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण की कथा सुनने व पढ़ने का भी विशेष महत्व है। पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्राध्यापकों ने सीखा ऑनलाइन फॉर्म भरने का तरीका

जनगणना: स्व-गणना प्रशिक्षण कार्यशाला में दिखा डिजिटल साक्षरता और नागरिक जिम्मेदारी का अनूठा संगम




**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में जनगणना 2025 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला में स्व-गणना प्रशिक्षण कार्यशाला में दिखा । डिजिटल साक्षरता और नागरिक जिम्मेदारी का अनूठा संगम देखने मिला। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य स्व-गणना प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना था। नगर निगम के अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी सागर बोरकर ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों को ऑनलाइन फॉर्म भरने का विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

नोडल अधिकारी सागर बोरकर ने पी.पी.टी. और मोबाइल के माध्यम से स्टेप-बाय-स्टेप जानकारी दी। प्रशिक्षण की खास बात यह रही कि उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने मोबाइल पर प्रायोगिक रूप से फॉर्म भरकर प्रक्रिया को समझा। बोरकर ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे केवल स्वयं का फॉर्म न भरें, बल्कि अपने आसपास के परिचितों और परिवारजनों को भी इस डिजिटल पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जब फील्ड सुपरवाइजर घर पहुँचें, तो उन्हें केवल अपना पहचान नंबर उपलब्ध कराना होगा, जिससे गणना कार्य त्वरित और त्रुटिहीन होगा। शिक्षण संस्थान समाज की वैचारिक दिशा तय करते हैं। यदि प्राध्यापक और कॉलेज स्टाफ इस डिजिटल जनगणना में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, तो समाज के अन्य वर्गों के लिए यह एक प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना के साथ डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता शर्मा, एवं डॉ. मनीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डिजिटल जनगणना को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## आगा साहब की दरगाह में उर्स आज से

**नवभारत, जबलपुर।** हजरत किबला शाह मिर्जा आगा मोहम्मद साहब कादरी चिश्ती नियाजी निजामी रहमतुल्ला अलैह के 111 वे तीन दिवसीय उर्स का आगाज आज जुमेरात रात्रि 10 बजे महफिले मिलाद शरीफ से होगा। तथा रात्रि 11 बजे से महफिले सिमा कव्वाली का एहतेमाम किया जाएगा। अर्धरात्रि मे महफिले सिमा का समापन सलातो सलाम व दुआएं खैर के साथ होगा। 1 मई को शाम 4 बजे चादर संदल जुलूस बारहदरी रानीताल स्टेडियम के सामने से होते हुए आगा चौक दरगाह पहुंचेगा और आगा मोहम्मद साहब की मजारे अक्दस मे पेश किया जाएगा।






# प्रतियोगिताएं और रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

लायंस क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** लायंस क्लब जबलपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सरस्वती शिक्षा मंदिर, गुप्तेश्वर रोड में विद्यार्थियों को पॉलीथिन के बहिष्कार के लिए प्रेरित किया गया तथा लायन शील महदेल और रेखा पटेल ने पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षिकाओं को किचन गार्डन एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। क्लब अध्यक्ष मनीषा सोनी ने बीज संरक्षण का प्रशिक्षण देते हुए 'सीड बॉल' के माध्यम से हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। सप्ताह के समापन पर उमेश जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें कदम संस्था का सहयोग रहा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: विद्यालय में समाप्त हुई। प्राचार्य ने इस पहल के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया।



# जरूरतमंद बेटी की शादी में जैन महिला परिषद का सहयोग

नकद राशि व उपयोगी सामग्री भेंट कर दिया सहारा

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, लार्डगंज शाखा द्वारा एक जरूरतमंद कन्या की शादी हेतु आर्थिक एवं सामग्री सहयोग प्रदान किया गया। श्रीमती श्वेता मोदी के परिवार के सौजन्य से 51,000 रुपये एवं शाखा सदस्यों द्वारा 4,000 रुपये सहित कुल 55,000 रुपये की सहायता दी गई।

इसके साथ ही 21 साड़ियां, लहंगे, सूट, गाउन, घरेलू सामग्री, अनाज सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। कन्या ने आचार्य श्री 108 निष्कंम सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमला चौधरी, संभाग अध्यक्ष संध्या जैन, शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल सहित अनेक सदस्य एवं श्वेता मोदी का परिवार उपस्थित रहा।

## गोपालपुर में बुद्ध जयंती महोत्सव 2 को

**नवभारत, जबलपुर।** प्राचीन बौद्ध मठ गोपालपुर संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में 3 मई 2026 को 2070वीं बुद्ध जयंती महोत्सव का आयोजन लम्हेटा घाट स्थित मठ परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में भंते धम्म शिखर (बालाघाट) एवं भंते धम्म शरण (जबलपुर) द्वारा धम्मदेशना दी जाएगी। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र बहुजन (भोपाल) तथा प्रमुख अतिथि विधायक नीरज सिंह लोधी होंगे। विशिष्ट अतिथि दयानंद हराले एवं ममता टेंभुर्णे रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामरतन यादव करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए बैजनाथ कुशवाहा, देवेश चौधरी, मनोज बाघमारे सहित कई कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की है।



# पशु चिकित्सा विवि और आयुर्वेदिक कॉलेज के बीच एमओयू

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और शासकीय स्वायत्त आयुर्वेदिक महाविद्यालय के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुल सचिव डॉ. एस.एस. तोमर तथा आयुर्वेदिक महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. एल.एल. अहिरवार ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त शोध परियोजनाएं, छात्र-छात्राओं एवं संकाय का आदान-प्रदान, कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही पारंपरिक आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति डॉ. शर्मा ने इसे ज्ञान-विनिमय और नवाचार को बढ़ावा देने वाला मील का पत्थर बताया। वहीं प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने विश्वास जताया कि यह सहयोग आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के समेकित विकास को नई दिशा देगा।

समिति में डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सुदिप्ता घोष, डॉ. अमिता दुबे, डॉ. मनोज सिंह एवं डॉ. पंकज मिश्रा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी व संकाय सदस्य उपस्थित थे।

बैठक

अपर मंडल रेल प्रबंधक के साथ अन्य अधिकारियों ने लिया हिस्सा

# डीआरयूसीसी की 154वीं बैठक आयोजित




**नवभारत, जबलपुर ।** गत दिवस बुधवार 29 अप्रैल को जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की 154वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की बैठक के प्रारंभ में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने अपने संबोधन में मंडल में उपलब्ध कराई जा रही यात्री सुविधाओं तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्रियों को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया तथा यात्री सुविधाओं के सतत विकास हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में डीआरयूसीसी के कुल 09 सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सतना से सोमचंद्र ताम्रकार, शुभम त्रिपाठी, केशव बंसल एवं विक्रम सिंह विसेन, कटनी से पवन मित्तल, रीवा से कन्हैया लाल घंशानी, दमोह से सुधीर असाटी, सागर से मोहम्मद इरशाद एवं मैहर से सत्यभान सिंह शामिल थे।

### रखे गए सुझाव

बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित यात्री सुविधाओं के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। इनमें प्रमुख रूप से ट्रेनों के समय में परिवर्तन, स्टॉपेज बढ़ाने, कोचों की संख्या में वृद्धि, ट्रेनों के फेरे बढ़ाने, नई ट्रेनों का संचालन, एबीएसएस, आरओबी एवं आरयूबी से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, स्टेशनों पर साफ-सफाई में सुधार तथा बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं के विस्तार से जुड़े सुझाव शामिल रहे बैठक में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, शशांक गुप्ता के साथ ही राम बदन मिश्रा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) स्वप्निल पाटिल वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) सर्वेश ठाकुर वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सहित विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# सेना अध्यक्ष ने जबलपुर के उप निरीक्षक परिहार को किया सम्मानित

सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी उत्कृष्ट सेवा और देशभक्ति के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा मध्य एरिया जबलपुर में आयोजित समारोह में भारतीय सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत्त एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश पुलिस में पदस्थ उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह परिहार को थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा विशिष्ट सेवा के लिए पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेना से सेवानिवृत्ति के पश्चात भी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यदक्षता और देशभक्ति की भावना के साथ समाज व अन्य पूर्व सैनिकों के लिए प्रेरणादायक योगदान देने पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।